**खबर संक्षेप**

## उमरिया में गूंजेगी जन-आवाजः नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भरेंगे हुंकार



**उमरिया।** प्रदेश की सत्ता को कटघरे में खड़ा करने और दबे-कुचले वर्ग की लड़ाई लडने विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार आगामी 9 मार्च को उमरिया की धरा पर कदम रखेंगे। स्थानीय पुराने बस स्टैंड पर आयोजित होने वाला यह किसान-मजूर-आदिवासी महासम्मेलन जिले की राजनीति में नई तपिश पैदा करने वाला है। जिला कांग्रेस कमेटी के अधिवक्ता पुष्पराज सिंह के अनुसार, दोपहर 12 बजे होने वाले इस शक्ति प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष इंजी. विजय कुमार सहित संभाग भर के दिग्गज नेता जुटेंगे। यह सम्मेलन केवल एक सभा नहीं, बल्कि किसान और आदिवासियों के अधिकारों की अनदेखी के विरुद्ध एक शंखनाद है। कांग्रेस ने समस्त नागरिकों और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि वे इस जन-सैलजाब का हिस्सा बनकर जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करें।

### नदियों के कत्लेआम पर खामोश सिस्टम

# माफियाओं का समानांतर गुंडाराज

**शहडोल।** जिले की जीवनदायिनी नदियां आज अपने अस्तित्व की आखिरी सांसें गिन रही हैं। जिस पानी से कभी खेत लहलहाते थे, आज वहां रेत माफियाओं की बंदूकों की गूंज और ट्रैक्टरों की घरघराहट ने आम इंसान का चैन छीन लिया है। संभागीय मुख्यालय से लेकर ब्यौहारी की सरहदों तक और बुढ़ार के कोनों से लेकर जयसिंहनगर के जंगलों तक, रेत का अवैध कारोबार अब महज चोरी नहीं, बल्कि एक संगठित खूनी साम्राज्य बन चुका है। शासन को करोड़ों के राजस्व का चूना लगाकर और प्रशासनिक तंत्र को बौना साबित करते हुए, इन सफेदपोश मगरमच्छों का दुस्साहस अब किसी बड़े नरसंहार की आहट दे रहा है।



### सूरज ढलते ही शुरू होता है मौत का तांडव

बुढ़ार, सिंहपुर, धनपुरी, सोहागपुर, गोहपारू और जयसिंहनगर ये वो इलाके हैं जहां शाम होते ही भारतीय संविधान की धाराएं बेअसर हो जाती हैं और माफियाओं का अपना जंगल राज शुरू होता है। जैसे ही अंधेरा गहराता है, नदियों के शांत किनारों पर डंपरों और ट्रैक्टरों की लंबी कतारें लगती हैं। स्थानीय ग्रामीणों की रूह कांप जाती है जब वे देखते हैं कि रेत से लदे ये वाहन महज परिवहन नहीं कर रहे, बल्कि हथियारों से लैस और शराब के नशे में धुत अपराधियों का एक खुला-खेल सडक़ों पर उतर आता है। रात भर मशीनों के पंजे नदियों के सीने को छलनी करते हैं, और हमारा रक्षक तंत्र कुंभकर्णी नींद का बहाना बनाकर चादर तान कर सोया रहता है।

### खाकी की सरपरस्ती या सिस्टम का सरेंडर?

सबसे तीखा और कड़वा सवाल जिले की पुलिस और खनिज विभाग की नियत पर खड़ा होता है। क्या यह मुमकिन है कि आधा दर्जन थानों की नाक के नीचे से रात भर सैकड़ों गाडिय़ां अवैध रेत लेकर फर्राटा भरें और साहबों को भनक तक न लगे? चर्चाओं के बाजार गरम हैं कि यह पूरा काला कारोबार एक सोचे-समझे फिक्स्ड सेटअप के तहत फल-फूल रहा है। बिना राजनैतिक संरक्षण और खाकी की मूक सहमति के, कानून की ऐसी सरेआम धज्जियां उड़ाना नामुमकिन है। विभाग की यह रहस्यमयी चुप्पी साफ गवाही दे रही है कि भ्रष्टाचार की जड़ें कलेक्ट्रेट से लेकर थानों की दहलीज तक काफी गहरी धंसी हुई हैं।

### कभी भी भडक़ सकती है गैंगवार

रेत के इस काले दलदल ने शांत गांवों को जरायम पेशा अपराधियों के अड्डों में तब्दील कर दिया है। खनन क्षेत्रों में इलाके बांटने को लेकर माफियाओं के बीच तनातनी इस कदर बढ़ चुकी है कि शहडोल की सडक़ें कभी भी खून से लाल हो सकती हैं। हथियारों के साये में चल रहे इस धंधे ने आम नागरिकों का नदियों के पास जाना तक दूभर कर दिया है। पिछले दिनों हुई मारपीट और धमकियों की घटनाएं तो महज ट्रेलर थीं, असली खूनी फिल्म पर्दे के पीछे तैयार हो रही है। अगर वक्त रहते इन्हें नहीं रोका गया, तो यह वर्चस्व की लड़ाई एक बड़े गैंगवार में तब्दील होना तय है।

### राजस्व की डकैती और मौत के प्रोजेक्ट्स

एक तरफ सरकार विकास का ढिंढोरा पीटती है, वहीं दूसरी तरफ सरकारी निर्माण कार्यों में ही इसी चोरी की रेत को खपाया जा रहा है। बिना रॉयल्टी के इस खेल से सरकारी खजाने को प्रतिमाह करोड़ों का घाटा लग रहा है। मिट्टी युक्त और घटिया दर्जे की इस रेत से जो पुल, स्कूल और सरकारी भवन बन रहे हैं, वे भविष्य में मासूमों के लिए मौत का जाल साबित होंगे। ये माफिया न केवल जनता की गाढ़ी कमाई लूट रहे हैं, बल्कि उनके जीवन की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं।

### मगरमच्छ आजाद, प्यादों पर कार्रवाई का ढोंग

कलेक्टर और एसपी के जीरो टॉलरेंस और सख्ती के दावों के बीच यह अवैध उत्खनन शहडोल की कानून-व्यवस्था के मुंह पर करारा तमाचा है। प्रशासन केवल छोटे-मोटे गरीब ट्रैक्टर चालकों को पकडक़र अपनी पीठ थपथपाता है और आंकड़ों की खानापूर्ति करता है, जबकि इस काले साम्राज्य को चलाने वाले सफेदपोश आका आज भी वातानुकूलित कमरों में बैठकर अपनी तिजोरियां भर रहे हैं। जनता अब सीधे और कड़े सवाल पूछ रही है—आखिर कब तक नदियों का यह कत्लेआम जारी रहेगा? क्या प्रशासन तब जागेगा जब नदियां पूरी तरह रेगिस्तान बन जाएंगी या जब सडक़ों पर लाशों का अंबार लगेगा?

## जयसिंहनगर में बोर ट्रक का तांडव, युवक की मौत

**परिजनों का फूटा गुस्सा, अमझोर मार्ग पर चक्काजाम**



### प्रशासनिक आश्वासन के बाद शांत हुए ग्रामीण

**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रमसोहरा तिराहे के पास शुक्रवार दोपहर एक बोर करने वाले ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। इस हृदयविदारक हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों और परिजनों ने शव को सडक़ पर रखकर चक्काजाम कर दिया, जिससे घंटों तक आवागमन पूरी तरह ठप्प रहा।

### ट्रक के नीचे आने से मौके पर मौत

गंधिया निवासी श्रवण साहू उम्र 30 वर्ष अपनी बाइक से बाजार की ओर जा रहा था। तभी रमसोहरा तिराहे के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रहे बोरिंग ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि श्रवण ट्रक के पहिए के नीचे आ गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भागने लगा, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर कुछ दूरी पर दबोच लिया।

### मालिक को बुलाने की जिद पर अड़े परिजन

मौत की खबर फैलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। आक्रोशित परिजनों ने जयसिंहनगर-अमझोर मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। करीब एक घंटे तक चले इस विरोध प्रदर्शन के दौरान परिजनों ने मांग की कि ट्रक मालिक को तुरंत मौके पर बुलाया जाए और उचित मुआवजे व कार्रवाई का आश्वासन दिया जाए। चक्काजाम के कारण सडक़ के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

### प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद हटा जाम

तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए थाना प्रभारी और तहसीलदार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को काफी देर तक समझाया और नियमानुसार कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया, जिसके बाद ही परिजनों ने जाम खोला। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

## अमलाई पुलिस ने शातिर वारंटी छोटू लोनिया को दबोचा

**शहडोल।** कानून की आंखों में धूल झोंककर पिछले 8 वर्षों से कतरा रहे शातिर अपराधी को आखिरकार पुलिस ने लोहे के चने चबवा दिए। अमलाई पुलिस ने एक बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटी राजेश उर्फ छोटू लोनिया को धर दबोचा है। 2018 से फरार यह अपराधी पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था, जिसे अब सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।



### न्यायालय की अवमानना और अपराध का दोहरा खेल


आरोपी छोटू लोनिया उम्र 24 वर्ष के खिलाफ बुढार न्यायालय के दो अलग-अलग पीठासीन अधिकारियों द्वारा स्थायी वारंट जारी किए गए थे। उसलापुर निवासी इस अपराधी पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी जैसी गंभीर धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज हैं। सजा के डर से यह शातिर बदमाश वर्षों से अपनी लोकेशन बदल-बदल कर पुलिस को छका रहा था।

### घेराबंदी कर किया गया ढेर

अमलाई थाना प्रभारी निरीक्षक भूपेन्द्रमणी पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस की एक विशेष टीम ने मुखबिरों का जाल बिछाया। जैसे ही सटीक सूचना मिली, पुलिस ने बिजली की फुर्ती दिखाते हुए घेराबंदी की और 6 मार्च 2026 को आरोपी को दबोच लिया। इस सफल ऑपरेशन में कार्यवाहक प्रधान आरक्षक ठाकुर दास, गणेश पाण्डेय, आरक्षक मिखायल परस्ते और दयाशंकर की जांबाजी ने पुलिस का इकबाल बुलंद किया है।

## 6 माह से फरार शातिर चाकूबाज सलाखों के पीछे

**शहडोल।** कानून के लंबे हाथों से बचकर भाग रहे अपराधियों के लिए ब्यौहारी पुलिस ने कड़ा संदेश दिया है। पिछले आधा दशक से पुलिस को छका रहे शातिर अपराधी और चाकूबाजी के मुख्य आरोपी सूरज द्विवेदी को पुलिस ने घेराबंदी कर धर दबोचा है। बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज संगीन अपराधों में वांछित यह आरोपी अब जेल की कालकोठरी में अपनी करतूतों का हिसाब देगा। पुलिस के अनुसार, ग्राम साखी निवासी सूरज द्विवेदी घटना के बाद से ही भूमिगत हो गया था। थाना प्रभारी निरीक्षक जियाउल हक के नेतृत्व में गठित विशेष टीम लगातार इसके ठिकानों पर दबिश दे रही थी। सटीक मुखबिर तंत्र और पुलिस की चाक-चौबंद रणनीति के चलते आखिरकार आरोपी की फरारी काट दी गई। पुलिस ने उसे चारों तरफ से घेरकर आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर दिया।



### सोशल मीडिया पर फैलाता था नफरत का जहर

गिरफ्तार आरोपी न केवल शारीरिक हिंसा में संलिप्त था, बल्कि डिजिटल दुनिया में भी अराजकता फैला रहा था। जांच में यह सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से भडक़ाऊ और आपत्तिजनक संदेश प्रसारित कर क्षेत्र की शांति भंग करने की कोशिश में जुटा था। पुलिस ने इस मामले में भी उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की है।

### अपराध की पुरानी कुंडली

सूरज द्विवेदी कोई नौसिखिया अपराधी नहीं, बल्कि एक आदतन बदमाश है। इसके विरुद्ध पूर्व में भी मारपीट और चोरी जैसे कई गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। क्षेत्र में दहशत का माहौल बनाने वाले इस आरोपी की गिरफ्तारी से आम जनता ने राहत की सांस ली है। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी जियाउल हक के साथ उपनिरीक्षक मोहन पड़वार, आरक्षक पंकज और विवेक सूर्या की विशेष और सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि अपराध और अपराधियों के विरुद्ध यह जीरो टॉलरेंस की नीति आगे भी जारी रहेगी।

**जैतपुर पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

## खाकी की खामोशी या अपराधियों को संरक्षण



**शहडोल। जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम न्यूट्री-अमहू में होली के पावन पर्व पर एक परिवार के लिए खुशियां मातम में बदल गईं, जब शराब के नशे में धुत दबंगों ने एक ही परिवार के कई सदस्यों पर जानलेवा हमला कर दिया। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि रक्षक कही जाने वाली पुलिस इस पूरे मामले में तमाशबीन बनी हुई है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि जैतपुर पुलिस न केवल एफआईआर दर्ज करने से कतरा रही है, बल्कि खुलेआम हमलावरों का पक्ष लेकर न्याय का गला घोंट रही है।**

### पंचनामे की सहमति पर भारी पड़ा दबंगों का अहंकार

घटना की जड़ें आपसी सहमति से जुड़े एक सामाजिक निर्णय में हैं। पीड़ित महिला श्रीमती विमला बाई के अनुसार उनके पुत्र गणेश पाव और गांव की ही शांति पाव के बीच आपसी रजामंदी से साथ रहने का निर्णय हुआ था। यह फैसला कोई चोरी-छिपे नहीं, बल्कि ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती गीता बाई, उपसरपंच और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में 02 जनवरी को हुआ था। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण पेसा अधिनियम के तहत बाकायदा मौका पंचनामा तैयार कर दोनों पक्षों ने हस्ताक्षर किए थे।

### होली की रात बरपा खूनी तांडव

शांति और सौहार्द का माहौल तब बिगड़ गया जब 03 मार्च 2026 की रात लगभग 10 बजे विजय पाव और श्याम सुंदर पाव ने पुरानी रंजिश या अहं के चलते गणेश पाव को घर के बाहर पकडक़र पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने आए शंभू शरण पाव के सिर पर पत्थर मारकर उन्हें लहूलुहान कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हमलावर शराब के नशे में चूर थे और घर के अंदर बैठकर उत्पात मचा रहे थे। इस हमले में तीजन बाई, फूलबाई और लालमन सहित परिवार के कई सदस्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

### कार्रवाई या खानापूर्ति

पीड़ितों का दर्द तब और बढ़ गया जब घटना की रात 112 नंबर पर सूचना देने के बावजूद पुलिस मौके पर आई और सिर्फ समझाकर चली गई। इसके बाद हमलावरों के हौसले और बुलंद हो गए। हद तो तब हो गई जब घायल अवस्था में पीड़ित जैतपुर थाना पहुंचे, तो उन्हें इलाज का बहाना बनाकर टाल दिया गया। जब परिजन 4 मार्च को दोबारा थाने पहुंचे, तो पुलिस ने नया पैंतरा चलते हुए कहा कि जब तक जिला अस्पताल से रिपोर्ट नहीं आएगी, एफआईआर नहीं होगी। सवाल यह उठता है कि क्या किसी की जान जाने के बाद ही पुलिस की कलम चलेगी।

### एसपी की चौखट पर न्याय की गुहार

स्थानीय पुलिस के पक्षपातपूर्ण रवैये से त्रस्त होकर श्रीमती तीजन बाई ने अब पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर सुरक्षा और न्याय की मांग की है। पीड़ित परिवार का कहना है कि वे दहशत के साये में जी रहे हैं और हमलावर खुलेआम घूमकर उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। अब देखना यह होगा कि पुलिस के आला अधिकारी इस मामले में हस्तक्षेप कर पीड़ितों को न्याय दिलाते हैं या फिर जैतपुर पुलिस की यह लापरवाही किसी बड़ी अप्रिय घटना को निमंत्रण देगी।

## असम से पैदल निकले पल्लव देव का भव्य स्वागत



**शहडोल।** जब व्यवस्था सो जाती है और समाज नशे की गर्त में डूबने लगता है, तब पल्लव देव जैसे संकल्पित व्यक्ति को सडक़ों पर उतरना पड़ता है। असम के श्रीभूमि से नशा छोड़ो-जीवन चुनो का अलख जगाकर निकले पदयात्री पल्लव देव का शुक्रवार को शहडोल की धरा पर आगमन हुआ। पार्षद सिल्लू रजक के नेतृत्व में युवाओं ने उनका जिस गर्मजोशी से स्वागत किया, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि अब जिले का युवा नशे के इस काले कारोबार और लत के विरुद्ध आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार है।

### व्यवस्था को आईना दिखाती 5 मई से जारी पदयात्रा

यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि उन ताकतों को चुनौती है जो युवाओं की रगों में जहर घोल रही हैं। पल्लव देव ने 5 मई 2025 से अपनी यह कठिन पदयात्रा प्रारंभ की है। बिना किसी आर्थिक सहयोग और बिना धन के, केवल सेवा और त्याग के बल पर वे देश के कोने-कोने में नशा मुक्ति का संदेश फैला रहे हैं। शहडोल पहुंचने पर समाजसेवी सिल्लू रजक और उनके साथियों ने पल्लव देव की इस जीवटता को सलाम किया।

### नशे की बेडिय़ों को तोडऩे का संकल्प

पार्षद सिल्लू रजक ने इस अवसर पर तीखे स्वर में कहा कि समाज को खोखला कर रहे नशे के खिलाफ अब चुप बैठना अपराध है। पल्लव देव ने युवाओं को संबोधित करते हुए दो टूक कहा, यदि आज का युवा नशे की गिरफ्त में है, तो देश का भविष्य अंधकारमय है। जीवन अनमोल है, इसे धुएँ और बोतलों में बर्बाद न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका लक्ष्य देश के प्रमुख ज्योतिर्लिंगों और शक्तिपीठों तक पहुंचकर समाज को इस सामाजिक बुराई से मुक्त करना है।

### युवा शक्ति ने भरी हुंकार

स्वागत समारोह में विकास जोतवानी, मुकेश द्विवेदी, शुभम सोंधिया सहित सैकड़ों युवाओं ने जय श्री राम के उद्घोष के साथ नशा मुक्त समाज बनाने की शपथ ली। उपस्थित जनसमूह ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि पल्लव देव का यह अभियान उन लोगों के गाल पर तमाचा है जो युवाओं को नशे की ओर धकेल रहे हैं। इस दौरान सुबोध सिंह, साहिल, महेश सेनापति, अमन यादव और अन्य कार्यकर्ताओं ने पदयात्री का उत्साहवर्धन किया। शहडोल की सडक़ों पर गूंजते नारों ने यह संदेश दे दिया है कि अब जिले में नशे के विरुद्ध जन-आंदोलन खड़ा हो चुका है। पल्लव देव की यह निस्वार्थ यात्रा आने वाले समय में एक निर्णायक क्रांति का रूप लेगी।

## रामपुर बटुरा खदान ठप करने की चेतावनी

**शहडोल।** विकास के नाम पर विनाश की इबारत लिख रहे एसईसीएल प्रबंधन के खिलाफ अब ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया है। सोहागपुर क्षेत्र की रामपुर बटुरा परियोजना में अपनी जमीनें गंवा चुके किसान अब करो या मरो की स्थिति में आ गए हैं। प्रबंधन की तानाशाही और प्रशासन की उदासीनता से क्षुब्ध होकर आधा दर्जन गांवों के किसानों ने आगामी 16 मार्च से अनिश्चितकालीन चक्काजाम और माइंस बंद करने का खुला ऐलान कर दिया है।



### धोखाधड़ी और झूठे आश्वासनों का खेल

किसानों का आरोप है कि एसईसीएल प्रबंधन केवल कागजी घोड़े दौड़ा रहा है। पिछले साल दिसंबर में जब किसानों ने आंदोलन किया था, तब स्थानीय प्रशासन और प्रबंधन ने लिखित में आश्वासन दिया था कि उनकी मांगों को समय सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा। लेकिन तीन महीने बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। किसानों का कहना है कि जनवरी 2026 तक रोजगार की फाइलों को मंजूरी देने का वादा किया गया था, लेकिन आज भी रामपुर और बेलिया जैसे गांवों के सैकड़ों युवा दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं।

### विस्थापन बना अभिशाप

रामपुर और बेलिया गांव की स्थिति अत्यंत भयावह हो चुकी है। खदान का मुहाना घरों की दहलीज तक आ पहुंचा है, जिससे कभी भी कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। ग्रामीण जान जोखिम में डालकर रहने को मजबूर हैं, परंतु प्रबंधन को उनकी सुध लेने की फुर्सत नहीं है। विस्थापन के नाम पर दी जाने वाली सहायता राशि भी मजाक बनकर रह गई है। 14 साल पहले तय किए गए 3 लाख रुपये के मुआवजे को आज के महंगाई के दौर में भी नहीं बढ़ाया जा रहा है। किसानों की दो टूक मांग है कि यह राशि कम से कम 7 लाख की जाए और सभी 58 प्रभावित परिवारों का विस्थापन एक साथ किया जाए।

### भाई-भतीजावाद का बोलबाला

ग्रामीणों ने प्रबंधन पर संगीन आरोप लगाते हुए कहा है कि खदान में नियोजित निजी कंपनियों के अधिकारी अपने सगे-संबंधियों को रेवडिय़ों की तरह नौकरियां बांट रहे हैं। प्रभावित गांवों के पात्र युवाओं को दरकिनार कर बाहरी लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। यह स्थानीय लोगों के हक पर सीधा डाका है, जिसे अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### आंदोलन की मुख्य मांगें

रामपुर, बेलिया, खांडा, बिछिया, अतरिया, खैरबना और कोदैली के प्रभावितों को तत्काल रोजगार और मुआवजा। विस्थापन के लिए चिन्हित भूमि पर मूलभूत विकास कार्यों की शुरुआत। कोदैली ग्राम के लिए तत्काल डीआरआरसी की बैठक और मुआवजा वितरण। खांडा मार्ग पर स्ट्रीट लाइट और दुर्घटना संभावित गड्ढों की मरम्मत। सीएसआर मद से ग्रामीणों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की व्यवस्था।

### प्रशासन की चुप्पी और बढ़ता आक्रोश

किसानों ने अपनी मांगों का ज्ञापन कमिश्नर, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित तमाम आला अधिकारियों को सौंप दिया है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 16 मार्च से पहले उनकी समस्याओं का ठोस निराकरण नहीं हुआ, तो होने वाले उग्र आंदोलन और उससे होने वाली किसी भी अप्रिय घटना की संपूर्ण जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन और जिला प्रशासन की होगी। अब देखना यह है कि क्या कुंभकर्णी नींद में सोया प्रबंधन जागता है या फिर यह क्षेत्र एक बार फिर बड़े जनांदोलन की आग में झुलसेगा।

## खबर संक्षेप

### कमलाकांत त्रिपाठी पुनः बने संगठन सचिव



**भारतीय डाक कर्मचारी संघ मप्र परिमंडल की नवीन कार्यकारिणी घोषित**

**शहडोल।** भारतीय डाक कर्मचारी संघ तृतीय वर्ग मध्यप्रदेश परिमंडल की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। भारतीय डाक विभाग के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल मध्यप्रदेश परिमंडल भोपाल के सहायक संभागीय प्रबंधक डॉ जीबी ने जानकारी देते हुए बताया कि मप्र परिमंडल का इक्कीसवां द्विवार्षिक अधिवेशन 21 एवं 22 फरवरी को राज्य कृषि प्रशिक्षण एवं विस्तार केंद्र नीलबड़, भोपाल में आयोजित हुआ। अधिवेशन में मप्र परिमंडल के अध्यक्ष पवन कुमार सिंह (जनसंपर्क निरीक्षक, संभागीय कार्यालय नर्मदापुरम संभाग) द्वारा मप्र परिमंडल की आगामी दो वर्षों के लिए पंद्रह पदाधिकारियों की नई कार्यकारिणी घोषित की हैं। घोषित कार्यकारणी में शहडोल के कमलाकांत त्रिपाठी को पुनः संगठन सचिव का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। वे वर्तमान में शहडोल संभागीय डाक कार्यालय में एलएसजी कार्यालय सहायक के पद पर पदस्थ हैं। इससे पूर्व भी कमलाकांत त्रिपाठी संगठन सचिव के रूप में सफलतापूर्वक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके हैं और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई है। कमलाकांत त्रिपाठी के शहडोल संभाग से एकमात्र पदाधिकारी के रूप में नियुक्ति होने पर डाक कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। कर्मचारियों ने श्री त्रिपाठी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल की जाएगी।

## पुलिस की सुस्ती से खौफ में शौखी मोहल्ला

# नशे के सौदागरों ने आंगनबाड़ी को बनाया 'अड्डा'

**शहडोल। जिला मुख्यालय के सिंहपुर रोड स्थित शौखी मोहल्ला वार्ड क्रमांक 21/28 इन दिनों नशे के अवैध कारोबारियों की गिरफ्त में है। जहाँ एक ओर सरकार 'नशा मुक्त भारत' का ढिंढोरा पीट रही है, वहीं दूसरी ओर शहर के बीचों-बीच स्थित यह इलाका नशेड़ियों और तस्करों की चारागाह बन गया है। सबसे शर्मनाक पहलू यह है कि यह गंदा खेल उस आंगनबाड़ी केंद्र की चौखट पर खेला जा रहा है, जहाँ देश का भविष्य (नौनिहाल) संस्कार और शिक्षा लेने आता है।**

### खाकी की खामोशी या मिलीभगत

स्थानीय निवासियों का आक्रोश अब फूटने लगा है। मोहल्ले के गलियारों में सरेआम बिकता जहर पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान खड़े कर रहा है। रहवासियों का सीधा आरोप है कि नशे के अवैध कारोबारियों को न तो कानून का डर है और न ही वर्दी का खौफ। दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे तक, संदिग्धों का जमावड़ा यहाँ की शांति को भंग कर रहा है। क्या पुलिस प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है या फिर सफेद पाउडर और नशीली गोलियों के इस सिंडिकेट को स्थानीय रसूखदारों का संरक्षण प्राप्त है?




**आंगनबाड़ी के पास 'मौत का सामान'**

मोहल्ले की महिलाओं ने रुआंसे स्वर में अपनी पीड़ा बयां करते हुए बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र के आस-पास नशा करने वालों की टोलियां जमी रहती हैं। छोटे-छोटे बच्चों को लेकर केंद्र तक जाना अब किसी खतरे से खाली नहीं लगता। नशे में धुत असामाजिक तत्वों की अभद्र टिप्पणियां और गाली-गलौज अब रोज़ की बात हो गई है। शौखी मोहल्ला की एक पीड़ित महिला ने कहा कि हमें डर लगता है कि कहीं हमारे बच्चे इन अपराधियों की संगति या इनके गुस्से का शिकार न हो जाएं। प्रशासन को कई बार बताया, लेकिन नतीजा वही 'ढाक के तीन पात' रहा।

### रात ढलते ही बदल जाती है फिजा

शौखी मोहल्ले के निवासियों के मुताबिक रात गहराते ही यहां का नजारा किसी क्राइम थ्रिलर जैसा हो जाता है। अनजान बाइक सवारों की आवाजाही और संदिग्ध लेन-देन बता रहे हैं कि यहां नशे की जड़ें कितनी गहरी हो चुकी हैं। स्थानीय युवकों के झुंड देर रात तक गलियों में मंडराते रहते हैं, जिससे आम परिवारों का घर से निकलना दूभर हो गया है। स्थानीय नागरिकों ने दो टूक शब्दों में प्रशासन और पुलिस अधीक्षक को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस अवैध कारोबार पर बुलडोजर नहीं चला और अपराधियों को सलाखों के पीछे नहीं भेजा गया, तो वे उग्र आंदोलन और चक्काजाम करने को मजबूर होंगे।

# मानपुर में हथियारबंद टोली का तांडव

### घर में घुसकर महिलाओं से बदसलूकी और 50 हजार की लूट
### पेट्रोल डालकर घर फूंकने की कोशिश, दहशत में रजक परिवार

**मानपुर।** थाना अंतर्गत ग्राम पडवार में कानून-व्यवस्था के परखच्चे उड़ाते हुए दबंगों ने सरेआम गुंडागर्दी का जो खेल किया है, उसने सभ्य समाज को झकझोर कर रख दिया है। यहां एक गरीब रजक परिवार के घर में घुसकर न केवल तोडफ़ोड़ और मारपीट की गई, बल्कि महिलाओं के साथ अभद्रता कर नकदी लूटने और घर को आग के हवाले करने का सनसनीखेज प्रयास भी किया गया। बेबस पीड़ित परिवार अब इंसाफ की गुहार लेकर एसपी दफ्तर की चौखट पर खड़ा है।

### दलबल के साथ आए सफेदपोश हमलावर

पीड़िता मुन्नी बाई रजक ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे अपने शिकायती पत्र में रोंगटे खड़े कर देने वाला विवरण दिया है। आरोप है कि 6 मार्च 2026 की शाम करीब 7 बजे, जब घर के पुरुष सदस्य बाहर थे, तभी गांव के ही अशोक जायसवाल पिता अकाली जायसवाल, रवि जायसवाल पिता रामलाल जायसवाल और सहारा जायसवाल पिता मुन्ना जायसवाल ने अपने 9-10 अन्य गुर्गों के साथ धावा बोल दिया। हमलावर आधा दर्जन से



अधिक गाडिय़ों और मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे, जिसमें एक्यूव्ही गाड़ी भी शामिल थी।

### बुजुर्ग महिला से मारपीट

शिकायत के मुताबिक, इन रसूखदार हमलावरों ने घर में घुसते ही गालियां देना शुरू कर दिया। हद तो तब हो गई जब आरोपियों ने घर के भीतर शौचालय में गई वृद्धा पीड़िता की सास के दरवाजे पर लात मारकर उसे तोड़ दिया, जिससे बुजुर्ग महिला गिरकर चोटिल हो गई। दबंगों ने घर में रखे कूलर, कुर्सी, पंखा और पेटी जैसे सामान को बेरहमी से तोड़ दिया और दुकान में घुसकर 50 हजार रुपये नकद लूट लिए।

### पेट्रोल लेकर पहुंचे थे जलाने

मामला सिर्फ मारपीट तक सीमित नहीं रहा। आरोप है कि अशोक जायसवाल अपने हाथ में पेट्रोल लेकर आया था और उसने घर के सामान पर डालकर आग लगाने की कोशिश की। शोर मचाने पर हमलावर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पीड़िता का दावा है कि उसके पास इन धमकियों की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है।

### कहां सो रही है मानपुर पुलिस

पीड़ित परिवार का सबसे गंभीर आरोप पुलिस की कार्यप्रणाली पर है। मुन्नी बाई का कहना है कि जब वे रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंचे, तो पुलिस ने उनकी एक न सुनी और न ही मौके पर जाकर जांच की। क्या अपराधियों को खाकी का संरक्षण प्राप्त है? आखिर क्यों एक असहाय परिवार को न्याय के लिए जिला मुख्यालय तक भटकना पड़ रहा है। अब गेंद एसपी के पाले में है। क्या इन दबंगों पर बुलडोजर चलेगा या रसूख के आगे कानून एक बार फिर बौना साबित होगा।

### लीनस क्लब ने किया होली मिलन कार्यक्रम में महिलाओं का सम्मान

**शहडोल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लीनस क्लब शहडोल डायमंड द्वारा शक्ति संकुल छतवई में महिलाओं के सम्मान में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं के समर्पण, उनकी सामाजिक भूमिका और उनके योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का माहौल उत्साह, सम्मान और सौहार्द से भरपूर रहा, जहां महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ होली मिलन का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं के स्वागत और सम्मान के साथ हुई। इस दौरान लीनस क्लब की सदस्याओं ने समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका, उनकी जिम्मेदारियों और उपलब्धियों पर अपने विचार साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही है और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान निभा रही है। ऐसे आयोजनों से महिलाओं का मनोबल बढ़ता है और उन्हें आगे बढने की प्रेरणा मिलती है। लीनस क्लब की सदस्याओं द्वारा उपस्थित सभी महिलाओं को टिफिन, पानी की बोतल, पेन, पैड के साथ-साथ खाद्य एवं दैनिक उपयोग की सामग्री वितरित की गई। इस पहल को महिलाओं ने सराहा और इसे सामाजिक सहयोग व संवेदनशीलता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके योगदान की सराहना की गई।



कार्यक्रम में लीनस क्लब शहडोल डायमंड की अध्यक्ष लीनस मेघा गुप्ता ने कहा कि महिला दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, अधिकार और समानता के प्रति जागरूकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं का सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर सचिव लीनस डॉ. निकिता सोनी, कोषाध्यक्ष लीनस ऋतु लखोटिया, चार्टर्ड वाइस प्रेसिडेंट लीनस रिंकी दुबे, लीनस पुष्पा द्विवेदी, लीनस पूजा मेहंदी दत्ता, लीनस पूजा दुबे, लीनस माया सोनी, लीनस प्रिया गुप्ता, लीनस वंदना गुप्ता, लीनस अंजली उदानिया, लीनस प्रियंका गौतम, लीनस आकांक्षा पाण्डे, लीनस उर्मिला पाण्डे सहित क्लब की अन्य सदस्याएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गईं और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# खेत के पास 45 वर्षीय किसान का मिला शव, हत्या की आशंका

### शरीर पर धारदार हथियार के निशान

**हरिभूमि न्यूजभालूमाड़ा।** थाना क्षेत्र के ग्राम बगडुमरा के पास खेत में गुरुवार सुबह एक 45 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान महाजन यादव के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में डर का माहौल है। पुलिस ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार महाजन यादव अपने खेत में सब्जी की खेती करते थे और वहीं बने घर में रहते थे। गुरुवार सुबह करीब 5 बजे वे अपने गांव स्थित घर गए थे और कुछ देर बाद फिर खेत लौट



आए थे। सुबह करीब 8 बजे उनकी पत्नी ने बच्चों के हाथों उनके लिए खाना खेत पर भेजा। जब बच्चे वहां पहुंचे तो महाजन यादव घर में नहीं मिले। इसके बाद बच्चों ने आसपास तलाश की, तभी खेत के पास उनका शव पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही भालूमाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी विपुल शुक्ला ने बताया कि मृतक के शरीर पर धारदार हथियार के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले में परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है। वहीं घटना के बाद से मृतक के परिजन सदमे में हैं।

# शिकार के लिए लगाए सामग्री सहित एक आरोपी गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा के देवरी वन बीट के अमलाई गांव से लगे जंगल में जंगली जानवर के शिकार के लिए लगाए गये जीआई तार लकड़ी की खूंटी एवं कांच की छोटी शीशियों सहित एक आरोपी को वन विभाग कोतमा द्वारा पकड़ा जिसे मंगलवार को कोतमा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। घटना के सम्बन्ध में वन परिक्षेत्र अधिकारी कोतमा हरीश तिवारी ने बताया कि 2 मार्च की रात वन परिक्षेत्र कोतमा के देवरी बीट के क्रमांक 432 के समीप राजस्व से वन क्षेत्र से निकलने वाली 11 केव्ही विद्युत लाइन से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जंगली जानवरों के शिकार हेतु लकड़ी की खूटी जिसमें कांच की शिशियो में जीआई तार बांधकर लगभग 1 किलोमीटर दूर तक फैलाया गया रहा की सूचना गस्ती के दौरान बीट प्रभारी देवरी उत्तम कुमार सिंह को मिलने पर खोजबीन दौरान शिकार के लिए फैलाए गए सामग्री के साथ अज्ञात व्यक्तियों की तलाश



स्थल पर किए जाने पर अंधेरे का फायदा उठाते हुए आरोपी भागने लगे इस दौरान रमेश पिता शिव प्रसाद यादव निवासी अमलाई को पकड़ कर पूछताछ करते हुए रमेश यादव के निशानदेही पर स्थल से 92 नग लकड़ी की खूटी, 111 नग कांच की सीसी एवं 1101 मीटर लंबा जी, आई, तार जप्त किया गया इस दौरान शिकार के प्रयास में संबंध दो अन्य आरोपी भागने में सफल रहे जिनकी तलाश की जा रही है शिकार के प्रयास हेतु बिछाए गए जाल के आरोपियों के विरुद्ध वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के साथ वन अपराध प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किए गए आरोपी रमेश यादव को कोतमा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया इस संबंध में वरिष्ठ वन अधिकारियों को घटना के संबंध में अवगत कराए जाने पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश अनुसार कार्यवाही की गई। देवरी बीट से लगे वन क्षेत्र में जंगली सूअर, सियार, लोमड़ी के साथ कभी-कभी भालू के साथ अन्य वन्यप्राणियों विचरण क्षेत्र हैं। उक्त कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी कोतमा हरीश तिवारी, परिक्षेत्र सहायक कोतमा जेडी धारवे, बीट गार्ड देवरी उत्तम कुमार सिंह, बीट गार्ड लोढ़ी रमेश प्रसाद अहिरवार और अंशकालिक सुरक्षा श्रमिक धनराम प्रजापति की भूमिका सराहनी रही।

# रंगों की बौछार के बीच आपसी भाईचारे के साथ मना होली पर्व



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र में रंगो का त्यौहार होली के पावन पर्व पर लोग सुबह से ही होली के रंगो में रंगे दिखे। लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली के इस पावन पर्व की गले लग कर बधाई दी। सुबह से ही राजनगर के हृदय स्थल भगत सिंह चौक और बाबू लाईन, सिविल दफाई, न्यू राजनगर, कमलनगर, शांतिनगर, सुभाषनगर, प्रेमनगर के गलियों में होली कि धूम देखने को मिली। छोटे छोटे बच्चों ने गली मोहल्लो में भी होली की धूम मचाई और फिल्मी गानों पर थिरकते दिखे और होली के रंगो में होली, रंग रसिया, बलम पिचकारी, रंग बरसे, जैसे होली गीतों का दिन भर दौर चला। युवाओं ने जमकर धमाल किया। सड़क पर मतवालों की टोली चल रही थी। जिनका काम हर आने जाने वालों को रंगों से सराबोर करना था। बच्चे सुबह से ही रंग, पिचकारी लेकर घर से निकल गये। मंगलवार को चंद्र ग्रहण होने के कारण राजनगर में लोगों ने होली नहीं मनायी थी। इसलिए बुधवार को इसका दोगुना उत्साह देखा गया। होली के अवसर पर डीजे पर प्रतिबंध होने के कारण युवाओं ने छोटे साउंड बॉक्स पर लोकगीत बजाकर जमकर डांस किया। बच्चे अपने हम उम्र साथियों के साथ होली के आनंद में मशगूल हो गये। यह उत्सव देर शाम तक जारी रहा। दिन भर रंग खेलने के बाद शाम को लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर उन्हें गले लगाया। होली पर्व की शुभकामनाएं दी। राजनगर के स्कूल-कॉलेज सहित शैक्षणिक संस्थानों में होली से पहले ही कहीं फूलों की होली हुई, तो कहीं खूब अबीर-गुलाल उड़ा।

### चप्पे चप्पे पर रहा रामनगर पुलिस का कडा पहरा

रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत होली के पर्व को लेकर मंगलवार, बुधवार, गुरुवार तक पूरे दिन राजनगर कस्बा, डोला, रामनगर, पौराधार, सेमरा, आमाडांड, बरतराई तथा अन्य ग्रामीण क्षेत्र सहित रामनगर पुलिस का कड़ा पहरा रहा। वही कस्बा क्षेत्र कि सडकों पर थाना प्रभारी सुमित कौशिक तथा उनकी पेट्रोलिंग टीम कि पैनी नजर रही। होली के दौरान कही से भी किसी प्रकार से कोई बड़ी घटना सामने नहीं आई है। रामनगर पुलिस तथा जिला प्रशासन कि सतर्कता देखते हुए होली का यह पर्व पूरी तरह से शांति और सौहार्द के साथ संपन हुआ।

### रेलवे कॉलोनी परिसर में किया गया होली मिलन का कार्यक्रम

कोतमा। कोतमा नगर के रेलवे कॉलोनी परिसर में होली मिलन का कार्यक्रम किया गया। समारोह में महिलाओं की विशेष सहभागिता रही। इस दौरान महिलाओं द्वारा होलिका कुंड सजाते हुए भक्तिभाव से पूजा की गई। एक दूसरे को गुलाल, अबीर लगाते हुए होली पर्व की बधाई दी गई। होली मिलन के दौरान दीप्ति जायसवाल, वंदना बरसैंया, प्रियंका ताम्रकार, छाया गुप्ता, मोना बरसैंया सहित अन्य लोग शामिल रहे। दीप्ति जायसवाल ने कहा कि होली रंगों का नहीं बल्कि एक दूसरे को जोड़ने का त्यौहार है ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम सौहार्द और शांति का संदेश देते हैं। प्रियंका ताम्रकार ने कहा कि होली एक दूसरे से मिलने का त्यौहार है, इस पर्व में लोग अपनी कड़वी यादें भुलाते हुए साथ मिलकर रहने का संकल्प लेते हैं। वंदना बरसैया ने बताया होली खुशियों का त्यौहार है। होली के रंगों के तरह सभी के जीवन में सुख के रंग भी सजते रहे।



### नगर परिषद अध्यक्ष निवास पर होली मिलन समारोह संपन्न



राजनगर। नगर परिषद बनगवां (राजनगर) में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह के निवास वार्ड नंबर 14 प्रेमनगर कालोनी में होली मिलन समारोह का रविवार को आयोजन किया गया। इस समारोह में नगर परिषद क्षेत्र के पार्षदगण, वरिष्ठ नागरिक, युवा, राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधि, व्यापारी, कर्मचारी गण, पत्रकार और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान होली मिलन समारोह स्थल पर फाग गीतों का फगुआ चल रहा था। स्थानीय फगुआ गायको द्वारा फगुआ, तथा, होली के गीत भी गाये। सभी लोगों ने खुशियां साझा की। इस तरह के आयोजन समाज में आपसी सद्भाव में बढ़ावा देते हैं। होली मिलन समारोह का माहौल रंग और खुशियों से सरोबार रहा। कार्यक्रम में सभी लोगों ने एक दूसरे को मिलकर अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और समाज में परिवार सद्भाव को बनाए रखने के संदेश दोहराया।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** भालूमाड़ा थाना अंतर्गत शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक भानु शुक्ला 25 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। दर्दनाक हादसे के बाद लोग आक्रोशित हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच यातायात व्यवस्थित करवाते हुए शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। वाहन जप्त कर चालक को पकड़ते हुए कार्यवाही की जा रही है। जानकारी अनुसार कोतमा भालूमाड़ा रोड के संतोषी दफाई के पास सुबह साढ़े 8 बजे भानु शुक्ला पिता शंकर शुक्ला दो पहिया वाहन से अपने घर की गली से मेन रोड पहुंचा तभी कोतमा की ओर जा रहे कार चालक के द्वारा बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि भानु शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गया। सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट होने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर भारी भीड़ एकत्र हो गई। बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई वही कार का अगला हिस्सा भी टूट गया। थाना प्रभारी विपुल शुक्ला ने बताया कि हादसे के बाद कार चालक मयंक निवासी विकासनगर कोतमा को पुलिस अभिरक्षा में लेकर जांच की जा रही है। युवक की असमय मौत से परिजन सदमे में हैं।

# धनपुरी में दो दिवसीय होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया मंदिरों में रंग-गुलाल और पकवान का हुआ वितरण

**धनपुरी। नगर में रंगों का पर्व होली इस वर्ष 4 और 5 मार्च को पारंपरिक हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। होली के अवसर पर नगर की अधिकांश प्रतिष्ठान बंद रहीं और लोग परिवार व मित्रों के साथ होली खेलने के लिए मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचे। सुबह से ही नगर में रंग-गुलाल, अबीर और संगीत के साथ होली खेलने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर तक चलता रहा। हर गली-मोहल्ले में लोगों को एक-दूसरे को रंग लगाते और पर्व की बधाई देते देखा गया।**



### श्रीराधा कृष्ण मंदिर में वर्षों पुरानी परंपरा के साथ मनाई गई होली

नगर के सुप्रसिद्ध श्रीराधा कृष्ण मंदिर में पिछले पांच दशकों से चली आ रही परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी होली का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हिंदू धार्मिक संस्था के तत्वावधान में यहां होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अबीर-गुलाल, रंग और नाश्ते की विशेष व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष व बच्चे शामिल हुए। लोगों ने सर्वप्रथम भगवान श्रीराधा-कृष्ण की प्रतिमा पर अबीर-गुलाल अर्पित कर आशीर्वाद लिया और इसके बाद एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। मंदिर परिसर में जलेबी और आलू बंडा जैसे पकवान भी वितरित किए गए, जिन्हें लोगों ने प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया। इस अवसर पर हनुमान खंडेलवाल, व्रजवास, राजेश अग्रवाल, एस.पी. सिंह, गोविंद अग्रवाल, जवाहर जसवानी, सुभाष गुप्ता, अनिल जायसवाल, आनंद मोहन जायसवाल, राम सिंह और सुनील सोनी सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान हनुमान खंडेलवाल भी लोगों के साथ होली गीतों की धुन पर जमकर थिरकते नजर आए।



### आजाद चौक से पहली बार निकली होली की टोली

नगर के हृदय स्थल आजाद चौक से इस वर्ष पहली बार होली की टोली बैंड-बाजों के साथ निकाली गई। टोली में शामिल युवक-युवतियां और नागरिक मस्ती भरे अंदाज में नाचते-गाते हुए "आज न छोड़ेंगे बस हम होली खेलेंगे" जैसे होली गीतों की धुन पर झूमते हुए श्रीराधा कृष्ण मंदिर प्रांगण पहुंचे। यहां पहले से चल रहे होली मिलन समारोह में शामिल होकर सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया, बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और छोटों को स्नेह दिया। लोगों ने आपसी गिले-शिकवे भुलाकर गले मिलते हुए होली का आनंद लिया।



### दूसरे दिन परिवार के साथ पिकनिक का आनंद

हर वर्ष की तरह इस बार भी होली के दूसरे दिन लोगों ने परिवार, मित्रों और रिश्तेदारों के साथ पिकनिक का आनंद लिया। सुबह से ही लोग दोपहिया और चारपहिया वाहनों से आसपास के पर्यटन स्थलों की ओर निकल पड़े। नगर के आसपास स्थित चंदन घाट, लखबरिया, नर्मदा डैम, गणेश आश्रम, अमरकंटक माई का मंडप और कपिलधारा जैसे पिकनिक स्थलों पर सुबह से दोपहर तक लोगों की भीड़ लगी रही। यहां लोगों ने संगीत, नृत्य और स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ यादगार पिकनिक मनाई। बच्चे, महिलाएं और पुरुष सभी ने मिलकर वर्षों पुरानी यादों को साझा किया और पूरे उत्साह के साथ होली का आनंद लिया।

### सेल्फी का भी दिखा क्रेज

होलीके दौरान रंग-गुलाल में सराबोर लोगों के चेहरे पहचानना मुश्किल हो रहा था, लेकिन इसके बावजूद सेल्फी लेने का उत्साह कम नहीं हुआ। विशेषकर युवा वर्ग में सेल्फी का क्रेज साफ दिखाई दिया। युवक-युवतियां और बच्चे रंगों से सराबोर चेहरे के साथ सेल्फी लेते नजर आए और इन तस्वीरों को अपने मित्रों व रिश्तेदारों के साथ साझा किया।

## खबर संक्षेप

### सिलौंडी में धूमधाम से मनाया गया होली पर्व

**सिलौंडी।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। पूरे दिन मोहल्लों और चौक-चौराहों पर रंगों की फुहारें उड़ती रहीं और "होली है" के उल्लासपूर्ण स्वर गूंजते रहे। चौकी प्रभारी अनिल पांडे के नेतृत्व में पुलिस बल पूरे क्षेत्र में गश्त करता रहा ।बच्चों और युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। डीजे और ढोल की थाप पर युवा जमकर थिरके। वहीं युवाओं ने परंपरागत रूप से अबीर-गुलाल का तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया। ग्राम कुंसरी में हर साल की तरह इस बार भी पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रकाश सिंह बागरी,सरपंच आशा बागरी ने क्षेत्र के प्रसिद्ध गायकों से फाग गीत गाकर और पारंपरिक नाच से लोगों का मन मोह लिया। सिलौंडी कटी खेड़ा खेरमता में फाग गीतों ने लोगो का मन मोह लिया ।जहां समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। युवाओं व बच्चों ने होली खेलें रघुवीरा अवध में होली खेलें रघुवीरा के होली गीत पर हर्षोल्लास के साथ नृत्य किया। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने क्षेत्र वासियों को रंगों के पर्व होली की सभी नागरिकों एवम क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं दीं एवं नशा ना करने की अपील की। बाजारों और मोहल्लों में युवाओं की टोलियां रंगों में सराबोर होकर नाचते-गाते नजर आईं।

### आदतन अपराधी को 5 माह तक थाना में देने होगी हाजिरी

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने वार्ड क्रमांक 12 अमरैयापार, थाना कैमोर निवासी अदनान रजा 25 वर्ष के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए आगामी 5 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 और 16 तारीख को पुलिस थाना कैमोर में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। अदनान रजा के विरूद्ध वर्ष 2018 से अब तक कुल 4 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें दंगा करना, गाली-गलौज करना, फायर आर्म्स के साथ आत्म हत्या करने का प्रयास करने व जान से मारने की धमकी देने जैसे अपराध शामिल है। साथ ही अदनान साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़काकर उत्तेजित कर लड़ाई झगड़ा करता है जिससे लोगों में सद्भाव बिगड़ने की संभावना रहती है। पुलिस द्वारा अदनान के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री तिवारी ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 5 माह तक पुलिस थाना कैमोर में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### यहां लगेंगे शिविर

**कटनी।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत कैमोर, बरही, विजयराघवगढ़ और बहोरीबंद में शिविर का आयोजन किया गया है। कैमोर नगर परिषद के वार्ड नं 13 लोहिया नगर वार्ड, वार्ड नं 14 चन्द्रशेखर आजाद वार्ड, वार्ड नं 15 डॉ अम्बेरडकर वार्ड के लोगों के लिए शासकीय माध्यामिक शाला अमरियापार कैमोर में शिविर का आयोजन किया गया है। जबकि विजयराघवगढ़ नगर परिषद के वार्ड नं 13 मौलाना आजाद वार्ड, वार्ड नं 14 जवाहरलाल नेहरू वार्ड, वार्ड नं 15 शारदा देवी वार्ड के लोगों के लिए जायसवाल आटा चक्कीढ के पास शिविर का आयोजन किया गया है। इसी दिन नगर परिषद बरही के वार्ड नं 12 स्वा मी विवेकानंद वार्ड, वार्ड नं 13 विजयनाथ वार्ड, वार्ड नं 14 शिवाजी वार्ड, वार्ड नं 15 राजीव गांधी वार्ड के लोगों के लिए दुर्गा मंदिर के पास छिन्दिया टोला बरही में शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अलावा विकासखंड बहोरीबंद में ग्राम अमगवां, कूडा, मर्दगढ़, चान्दयखेडा, तमुरिया, तिगवॉ, दिहुन्टार, पथराड़ी पिपरिया, पाकर, बहोरीबंद, मोहनिया, रामपाटन, सुपेली, सिन्दुरसी ग्राम में शिविर का आयोजन होगा।

## होली में बच्चों ने की जमकर मस्ती, पिचकारियों से की रंगों की बौछार

*ग्रामीण अंचलों में भी उत्साह से मनाया गया रंगों का पर्व होली*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का पर्व होली बुधवार को हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। पूरे दिन मोहल्लों और चौक-चौराहों पर रंगों की फुहारें उड़ती रहीं और "होली है" के उल्लासपूर्ण स्वर गूंजते रहे।बच्चों और युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। डीजे और ढोल की थाप पर युवा जमकर थिरके। वहीं युवाओं ने परंपरागत रूप से अबीर-गुलाल का तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया। महिलाओं ने फाग गीत गाकर और पारंपरिक व्यंजन बनाकर त्योहार की खुशियों को दोगुना किया। बड़वारानगर के विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद लोगों ने मिठाई बांटकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। सामाजिक संगठन के युवाओं द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया, जहां समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। युवाओं व बच्चों ने होली खेलें रघुवीरा अवध में होली खेलें रघुवीरा के होली गीत पर हर्षोल्लास के साथ नृत्य किया।



बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने क्षेत्र वासियों को रंगों के पर्व होली की सभी नागरिकों एवम क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं दीं एवम कहा कि रंगों के पर्व को आत्मीयता व सौहार्द पूर्वक मनाएं सभी लोग गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे से अपनत्व एवम प्रेमभाव से मिलें व समाज मे एकता बनाकर रहें।,महिलाओं ने किया विधि विधान से होलिका पूजनहोली के पूर्व महिलाओं ने परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ होलिका दहन का पूजन किया और परिवार की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की। महिलाओं ने जल, रोली, कलावा, चावल, धूपबत्ती, फूल, कच्चा सूत, गुड़, साबुत हल्दी, बताशे, गुलाल और नारियल अर्पित कर पूजा-अर्चना की।इसके बाद होलिका के चारों ओर कच्चे सूत की सात परिक्रमा लगाई गई और पूजन सामग्री पवित्र अग्नि में समर्पित की गई। जिले भर में प्रेम, श्रद्धा और भाईचारे के साथ होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया।बाजारों और मोहल्लों में युवाओं की टोलियां रंगों में सराबोर होकर नाचते-गाते नजर आईं, जिससे पूरे बड़वारा नगर में उत्सव का माहौल बना रहा।

## पुलिस ने गांवों में पेट्रोलिंग कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र मे धुलेंडी पर्व शांति-सौहार्द व आपसी उत्साह के साथ मना। धुलेंडी पर्व खूब रंग गुलाल उड़ा व लोग फाग गायन व डीजे की धुन पर थिरके ।सुबह से चला सिलसिला देर शाम तक जारी रहा ।वही लोगो एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा गले मिल होली पर्व की शुभकामनाएं दी ।रंगों के उत्साह का पर्व क्षेत्र मे रंगपंचमी तक चलेगा ।सुरक्षा की दृष्टि प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस की रही निगरानी-बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र मे होली के रंग मैं भंग न हो ,यानि शांति पूर्ण तरीक़े से लोग पर्व मनाए इसके लिए स्लीमनाबाद, बहोरीबंद व बाकल थाना क्षेत्र मे प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस की पेट्रोलिंग के साथ सख्त निगरानी रही। बहोरीबंद थाना क्षेत्र मे एसडीएम राकेश चौरसिया,थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया सहित पुलिस बल थाना क्षेत्र के ग्रामो मैं पेट्रोलिंग की गई। वही स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र मे एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ,तहसीलदार सारिका रावत, आकाशदीप नामदेव,थाना प्रभारी सुदेश सुमन सहित पुलिस बल ने थाना क्षेत्र के ग्रामो मैं पेट्रोलिंग कर शांति पूर्वक होली पर्व का मनाने का संदेश दिया।

## उमरियापान क्षेत्र में उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया रंगों का त्योहार होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

रंगों, उमंग-उल्लास और भाईचारे का प्रतीक होली का पर्व उमरियापान क्षेत्र में बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोगों में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। युवाओं की टोलियां गांव और मोहल्लों में घूमते हुए एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते नजर आए।

### गुलाल लगा बांटी खुशियां

कई स्थानों पर ढोल-नगाड़ों की धुन पर युवाओं ने जमकर नृत्य किया। बच्चों ने रंग-बिरंगी पिचकारियों और मुखौटों के साथ होली का भरपूर आनंद लिया। वहीं महिलाओं और बुजुर्गों ने भी एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा की।



त्योहार के चलते अधिकांश दुकानों के बंद रहने से बाजारों में सन्नाटा रहा, लेकिन गांव और मोहल्लों में उत्सव का माहौल बना रहा।

### पुलिस रही मुस्तैद

ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक फाग गीतों की गूंज भी सुनाई दी, जिसमें युवाओं के साथ बुजुर्ग भी शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में कई दिनों तक होली का उत्साह देखने को मिला। होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए क्षेत्र में पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा और असामाजिक तत्वों पर नजर रखी गई। चंद्रग्रहण होने के कारण लोगों ने इस बार अलग अलग दिनों में भाईचारे के साथ रंगों के इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

## ब्रज की तर्ज पर खेली गई लघु वृंदावन धाम में होली, भगवान को अर्पित किये 56 भोग

*फागोत्सव में एक से बढ़कर एक फाग गीतों पर थिरके लोग*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

बिरज में होली रे रसिया,होली खेले रघुवीरा अवध मैं होली खेले रघुवीरा,रंग से रंग मिलाना सजन तुम ऐसे रंग मिलाना,खेली खेली रे राम संग फाग अवध में भरे रे कटोरा रंग केसर के जैसे फाग गीतों का गायन व धुन पर थिरकते लोग नजारा था लघु वृंदावन धाम बांधा इमलाज का। लघु वृंदावन धाम में ब्रज की तर्ज पर होली खेली गई।ब्रज होली में सम्मिलित होने बड़ी संख्या मे लोग पहुँचे।चहुँओर रंग से सरोबोर नजारा देखने को मिला।

ब्रज होली से पूर्व मंदिर मे फूलों की होली खेली गई,फिर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच होलिका दहन किया गया फिर शुरू हुआ ब्रज होली खेलने का सिलसिला।जिसमे गांव के सभी लोग सम्मिलित तो हुए ही साथ ही दूरदराज से लोग भी आनंद लेने आये।लघु वृंदावन धाम मैं ब्रज होली के बीच 56 प्रकार का भोग भगवान बाँके बिहारी को अर्पित किया गया। रंग-अबीर,गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। हरिदास ब्रजधाम कोहका में देर शाम फागोत्सव आयोजन हुआ।जहाँ एक से बढ़कर एक फाग गीत लोगो के द्वारा गाये गए।



स्लीमनाबाद तहसील तहसील मुख्यालय सहित तहसील भर के ग्रामीण अंचल में धुलेंडी धूमधाम से मनाई गई है। सुबह से ही गली-मोहल्लों और कॉलोनियों में होली का माहौल बन गया था। बच्चों में जबर्दस्त उत्साह था, जो पुराने कपड़े पहनकर तैयार थे।कई परिवारों में तो बच्चों के साथ बड़ों में भी होली का रंग चढने लग गया। रिश्तेदारों व आस पड़ोस के लोगों के आने-जाने का सिलसिला भी चलता रहा। इस बार की होली में गुलाल व सूखे रंगों का प्रयोग ज्यादा हुआ। पक्के रंगों को आम जनता ने दरकिनार करके हर्बल रंगों का ज्यादा उपयोग किया गया। हालांकि बच्चे गुब्बारे और पिचकारियां चलाने में पीछे नहीं रहे।

मान्यताओं के हिसाब से सालभर में जिस परिवार में गमी हुई है, उनके यहां पर समाज व मिलने वाले रंग डालने जाते हैं जिससे उस परिवार का सूतक खत्म होता है। शादी-विवाह से लेकर अन्य शुभ काम कर सकते हैं। गमी के परिवारों को सूतक से मुक्त कराने के लिए बड़ी संख्या में समाजों की टोली गमी वाले परिवारों में पहुंची।

## स्लीमनाबाद क्षेत्र में जगह जगह आयोजित हुए होली मिलन समारोह

# दिनभर चला फाग गीतों का दौर, होली में जमकर थिरके लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

रंगों का पांच दिवसीय त्यौहार होलिका दहन के साथ शुरू हुआ। बुधवार को धुलेंडी पर्व धूमधाम से मनाया गया। दिनभर रंग, अबीर लगाने के साथ एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देने का और फाग गाकर मनोरंजन करने का सिलसिला चलता रहा। खासतौर से ग्रामीण इलाकों में फाग की रंगत देखने को मिली। होली को लेकर शुक्रवार को दिन भर फाग गीतों का दौर चलता रहा। कई जगह सामूहिक आयोजन किये गए। वहीं होली के त्योहार को लेकर दिन भर बाजार में रौनक बनी रही।नगर में होली पर्व को लेकर तरह-तरह के हर्बल रंग गुलाल और कई तरह की पिचकारियों से दुकानें सजी रहीं। होली को लेकर बाजार में रौनक देखने को मिली। पिचकारी विक्रेताओं ने बताया कि इस बार कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। साथ ही बच्चों को कार्टून कैरेक्टर वाली पिचकारियां भा रही हैं। उनका कहना है कि इस बार पिचकारियों और रंगो पर मंहगाई का असर भी देखने को मिला।

### बाजार में दिखा महंगाई का असर

इस वर्ष हर्बल रंग, गुलालों व पिचकारियों में दाम में दस से बीस फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। दुकानदारों ने बताया कि बाजार में 10 रुपए से लेकर पांच सौ रुपए तक की पिचकारियां मौजूद रही । बाजार में सुगंधित गुलालों की भी मांग खूब रही है। वहीं लोग स्प्रे की भी डिमांड रही , जो 50 रूपए से 200 रूपए की कीमत तक के उपलब्ध रहे । इसमें झाग वाले स्प्रे, सुगंधित स्प्रे व चमकीले स्प्रे की मांग ज्यादा रही।

### जगह जगह हुआ फाग उत्सव

बुधवार को धुलेंडी पर्व पर बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र मे जगह जगह होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। हरिदास ब्रजधाम कोहका, जगदीश धाम खिरहनी, श्रीराम जानकी मंदिर कौड़िया में फाग उत्सव आयोजित हुआ। ग्राम पंचायत धरवारा मैं दोपहर से देर शाम तक ढ़ोल, नगररिया, मंजीरे की धुन पर फाग गीतों की प्रस्तुति दी।उपसरपंच अमित गर्ग ने बताया की होली का त्यौहार ही एक ऐसा त्यौहार है जिसमें पुराने गिले शिकवे को भुला, रंग अबीर गुलाल लगाते हुए गले लगा जाता है। धीरे-धीरे हमारी लोक संस्कृति विलुप्त होती जा रही है। कुछ वर्ष पूर्व तक संगीतमय होली का कार्यक्रम एक माह तक लगातार चलता था। जिसमें सभी लोग एक दूसरे से मिलते थे और आपसी प्रेम सद्भाव में बृद्धि होती थी। वहीं वर्तमान में ढ़ोल, नगरियॉ, मंजीरे की धुन पर फगुआ के मनमोहक गीत विलुप्त होते जा रहे हैं। इन गीतो के माध्यम से फगुआ गाने वाले अपने ईष्ट राधा-कृष्ण, माता सीता और प्रभु राम एवं भोला बाबा के नाम से फागुआ में शब्दो से भक्ति की गंगा बहाते थे।

## उपद्रवियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल, नशे में वाहन चलाने पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

एनकेजे पुलिस ने थाना प्रभारी रूपेंद्र राजपूत के नेतृत्व में करीब एक दर्जन ऐसे लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जो क्षेत्र में उत्पात मचाते हुए शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास कर रहे थे। इतना ही नहीं अलग-अलग स्थानों पर वाहन चेकिंग करते हुए लगभग 15 नशेड़ी वाहन चालकों के ऊपर कार्यवाही भी की।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के द्वारा पर्व को देखते हुए दिए गए निर्देशों के तहत थाना क्षेत्र में पुलिस की टीमें भ्रमण करते हुए हर परिस्थिति पर नजर रख रही थी। विभिन्न माध्यमों से सूचना प्राप्त होने पर ऐसे एक दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया गया जो उत्पात मचाकर शांति व्यवस्था को भंग कर रहे थे। आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए उन्हें सलाखों के पीछे भेजा गया। इसके साथ ही दुर्गा चौक खिरहनी, तिलक कॉलेज के सामने एवं ग्राम हिरवारा में विशेष चेक प्वाइंट लगाया गया। आने जाने वाले लोगों की जांच करते हुए जांच के दौरान 15 वाहन चालक नशे की हालत में मिले, जिनके खिलाफ धारा 185 के तहत कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी श्री राजपूत ने कहा कि पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सतत निगाह रखते हुए बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### अमरकंटक में विकास की परत उखड़ी, नागरिकों की बढ़ी मुसीबत

# मिनी स्मार्ट सिटी की सड़कों में 'स्मार्ट' गड्ढे

माँ नर्मदा की पावन नगरी अमरकंटक में मिनी स्मार्ट सिटी योजना के तहत बनी सड़कें अब विकास की जगह बदहाली की कहानी सुना रही हैं। जिन मार्गों को सुगम आवागमन और पर्यटन सुविधा के लिए बनाया गया था, वे आज गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुके हैं। हालात ऐसे हैं कि वाहन चालक, पैदल यात्री और स्कूली बच्चे तक हर दिन जोखिम भरी राह पर चलने को मजबूर हैं।

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।





मध्यप्रदेश की धार्मिक और पर्यटन नगरी अमरकंटक में मिनी स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों की स्थिति इन दिनों सवालों के घेरे में है। करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई सड़कें कुछ ही समय में उखड़ने लगी हैं और जगह-जगह बने गड्ढे अब आम नागरिकों के लिए सिरदर्द बन चुके हैं। वार्ड क्रमांक 1 से लेकर वार्ड क्रमांक 4 और वार्ड क्रमांक 6 तक नगर की बड़ी आबादी निवास करती है, लेकिन इन वार्डों को जोड़ने वाली सड़कें बदहाली की मिसाल बन गई हैं। गहरे गड्ढों से भरी सड़कों पर दोपहिया वाहन चालक अक्सर असंतुलित हो जाते हैं, वहीं चारपहिया वाहनों को भी झटकों के बीच गुजरना पड़ता है। पैदल चलने वाले बुजुर्ग, महिलाएं और स्कूली बच्चे भी रोजाना खतरे के साए में सफर कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिस योजना को शहर को आधुनिक और व्यवस्थित बनाने के लिए लाया गया था, वही योजना अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। अब सवाल उठ रहे हैं कि आखिर इतनी जल्दी सड़कों की हालत क्यों बिगड़ गई और जिम्मेदार विभाग इस पर कब कार्रवाई करेगा या सिर्फ लीपा पोती तक सीमित रहेगा।

### वार्डों की सड़कों में गड्ढों का जाल

नगर के वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4 और 6 की सड़कों पर गड्ढों का ऐसा जाल बिछ गया है कि हर मोड़ पर दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोग बताते हैं कि सड़क निर्माण के कुछ ही समय बाद डामर की परत उखड़ने लगी और धीरे-धीरे गहरे गड्ढे बन गए। इन मार्गों से रोजाना सैकड़ों लोग आवागमन करते हैं, लेकिन उनकी परेशानी सुनने वाला कोई नहीं दिखाई देता है।

### हाईवे से कपिलधारा मार्ग तक बदहाली

सबसे खराब स्थिति शहडोल हाईवे से बराती होते हुए गुम्मा घाटी और आगे कपिलधारा जाने वाले मार्ग की बताई जा रही है। यह मार्ग धार्मिक और पर्यटन दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके सड़क की हालत इतनी खराब है कि वाहन चालकों को बेहद सावधानी से गुजरना पड़ता है।

### बारिश में और विकराल हो जाती है समस्या

बरसात के मौसम में इन गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। सड़क और गड्ढे का फर्क मिट जाता है, जिससे वाहन चालक अचानक हादसे का शिकार हो सकते हैं। कई बार तो पानी भरे गड्ढों के कारण सड़क पूरी तरह तालाब जैसी दिखाई देती है और आवागमन लगभग ठप हो जाता है।

### श्रद्धालु और पर्यटक भी परेशान

अमरकंटक देशभर के श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आस्था का बड़ा केंद्र है, क्योंकि यहीं से नर्मदा नदी का उद्गम होता है। हर साल हजारों लोग यहां दर्शन और पर्यटन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन जर्जर सड़कें उनकी यात्रा को कष्टदायक बना रही हैं। इससे नगर की छवि पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

### नागरिकों की मांग तत्काल हो मरम्मत

नगरवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि इन सड़कों की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो दुर्घटनाओं की संभावना और बढ़ जाएगी। लोगों ने यह भी कहा कि अमरकंटक जैसे पवित्र और पर्यटन स्थल की गरिमा बनाए रखने के लिए बुनियादी सुविधाओं का दुरुस्त होना बेहद जरूरी है।

## हाथी देखने गए युवक को हाथी ने दौड़ाया, भागते समय गिरने से घायल



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। कोतमा तहसील, वन परिक्षेत्र के चुकान गांव के जंगल में गुरुवार की शाम गांव की कुछ लोगों के साथ एक युवक हाथी देखने गया जो वीडियो बना रहा था इसी दौरान हाथी के चिघाडं कर दौड़ाने से दौड़ने दौरान गिरने से घायल होने पर युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है वही वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथी के विचरण पर निगरानी रखते हुए ग्रामीणों को सचेत एवं सतर्क रहने की अपील की अपील की है। 05 मार्च की सायं बीट चुकान अंतर्गत वन कक्ष क्रमांक पीएफ 471 में एक जंगली हाथी के विचरण की सूचना ग्रामीणों को प्राप्त हुई इस दौरान ग्राम चुकान बाकी बांध के पास सायं जंगली हाथी द्वारा आसपास उपस्थित ग्रामीणों को दौड़ाया गया इस दौरान ग्राम चुकान निवासी दारा सिंह पिता राम सिंह पोर्ते उम्र 21 वर्ष वार्ड नंबर 13 ग्राम चुकान ग्राम पंचायत चुकान थाना भालूमाड़ा तहसील कोतमा निवासी हाथी के द्वारा दौड़ाये जाने पर भागते समय गिरकर घायल हुए। जिसके कारण दारा सिंह के पैर हाथ चेहरे में गिरने से छिल जाने के कारण घायल हुए हैं। जिन्हें उपचार हेतु तत्काल मौके से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा लाकर भर्ती कराया गया जिनका उपचार चल रहा है डॉक्टरों द्वारा वर्तमान में उनकी स्थिति स्वस्थ बताई गई। दारा सिंह पॉलिटेक्निक कॉलेज शहडोल में प्रथम वर्ष के छात्र हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में परिक्षेत्र सहायक लतार अभिलाष सोनी एवं बीटगार्ड लतार अवध नरेश शुक्ला मौके पर पहुंचे घायल व्यक्ति को देखें तथा तात्कालिक सहायता राशि प्रदान किया गया घायल व्यक्ति का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में जारी है। विदित है कि चार हाथी का समूह विगत कई दिनों से वन परीक्षित थाना एवं तहसील जैतहरी के धनगवां बीट के जंगल में निरंतर वितरण कर रहे हैं जो बुधवार के दिन से दो अलग-अलग भागों में बट गए हैं बुधवार की रात एक हाथी सोन नदी पार कर पड़ौर गांव के संतोष चौधरी के खेत में पहुंचकर खेत में लगी चना की फसल को खाते हुए विचरण करने की सूचना ग्रामीणों द्वारा दी गई रही है।

**मोबाइल ऐप से बुकिंग पर उपलब्ध होगी स्वच्छता साथी सेवा**

# ग्रामीण स्वच्छता को सशक्त बनाने वॉश ऑन व्हील सुविधा का उठाए लाभ-सीईओ

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर



स्वच्छता से रोजगार की नई पहल, स्वच्छता साथी वॉश ऑन व्हील' सेवा मांग एवं पूर्ति के सिद्धांत पर आधारित एक ऑनलाइन व्यवस्था है जिसमें मोबाइल एप के माध्यम से आम नागरिक घर के मुखिया अथवा संस्था प्रमुख शौचालय की साफ-सफाई हेतु स्वच्छता साथी को मांग (रिक्वेस्ट) भेज सकते हैं। रिक्वेस्ट प्राप्त होते ही निर्धारित समय पर स्वच्छता सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। स्मार्ट क्लीनिंग लेकर आई वाश ऑन व्हील सेवा ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालयों की नियमित साफ. सफाई एक बड़ी चुनौती रही है जिसमें प्रशिक्षित सफाई कर्मियों की सीमित उपलब्धता प्रमुख कारण रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी के निर्देशानुसार 04 ब्लाको से संबद्ध 25 क्लस्टर निर्माण करते हुए। ग्रामों को जोड़ा जा चुका है जिसमे ऑनबोर्ड 36 स्वच्छता साथियों में से 25 स्वच्छता साथियों को प्रशिक्षित करते हुए 25 सेक्टेरों में स्वच्छता साथियों को एलोकेट कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। अब तक अनूपपुर जिले में 1812 मागें प्राप्त हुई हैं जिनमे से 1418 सेवा पूर्ण की गई है। स्वच्छता साथियों द्वारा स्लाट की तिथि के अनुसार सेवा प्रदान की जा रही है। वॉस ऑन व्हील सेवा की मांग व पूर्ति की दैनिक रिपोर्टिंग एसबीएम के जिला समन्वयक द्वारा की जाती है जिसकी जनपदवार समीक्षा सीइओ जिला पंचायत द्वारा की जा रही है। वहीं ब्लॉक समन्वयको द्वारा स्वच्छता साथियों को तकनीकी सहयोग प्रदान करते हुए ग्रामीण अंचल से सम्बद्ध संस्थानों, वाहन शो रूम, वर्कशाप, पेट्रोल पंप, ढाबा, रिसोर्ट, मैरिज गार्डेन इत्यादि में जाकर वाश ऑन व्हील को प्रमोट किया जा रहा है। अब तक जिले के स्वच्छता साथियों द्वारा 2 लाख 23 हजार 347 रूपए की आय अर्जित कर चुके हैं। वाश ऑन व्हील सेवा ग्रामीण अंचलों में घरेलू संस्थागत एवं सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई हेतु एक स्मार्ट आधुनिक एवं मांग आधारित समाधान प्रदान करेगी। मोबाइल एप से बुकिंग प्रक्रिया की जानकारी देते हुए जिला समन्वयक डा रामनरेश वर्मा ने मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन मांग दर्ज करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेवाएं प्राप्त करने के लिए क्यूआर कोड मोबाइल प्ले स्टोर से डाउनलोड करना होगा। बुकिंग के चरण एप डाउनलोड कर भाषा का चयन करें। वॉस आन व्हील एप में आपका स्वागत है प्रदर्शित होने पर आगे बढ़ें पर क्लिक करें। मैं एक नागरिक हूं विकल्प चुनें। मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी भेजें पर क्लिक करें। प्राप्त ओटीपी दर्ज कर ओटीपी सत्यापित करें। नाम एवं लिंग दर्ज कर अपडेट करें। मैप या सूची से अपने गांव का चयन कर पुष्टि करें। पता एवं समीपस्थ स्थान दर्ज कर आगे बढ़ें। नए अनुरोध पर क्लिक कर गांव एवं प्रदर्शित स्वच्छता साथी का चयन करें। शौचालय का प्रकार घरेलू, संस्थागत, सामुदायिक, संख्या दिनांक व समय दर्ज कर अनुरोध सबमिट करें। निर्धारित प्रक्रिया से दर्ज की गई मांग सीधे स्वच्छता साथी तक पहुंचेगी। मांग स्वीकृत होने के पश्चात तय समय पर साफ-सफाई का कार्य पूर्ण किया जाएगा। यह पहल ग्रामीण स्वच्छता व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है वहीं रोजगार का एक अच्छा माध्यम साबित हो रहा है।

## कलेक्टर की बातों को गंभीरता से नहीं ले रहा सेतु निगम

### रिटेनिंग वॉल फर्श में मिट्टी भराव कार्य अभी भी अधूरा



हरिभूमि न्यूजअनूपपुर। रेलवे ने अपने कार्य को लगभग 80 प्रतिशत पूरा कर लिया है। लेकिन अब मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग सेतु निगम कार्य को उतनी गंभीरता से नहीं ले रहा। जिससे धीरे-धीरे कार्य प्रारंभ हुआ है। 10 फरवरी 2026 को कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मौके पर निरीक्षण कर लोक निर्माण सेतु को निर्देशित किया था कि 15 दिवस के अंदर रिटेनिंग वॉल फर्श में मिट्टी भराव कार्य को पूर्ण कर दिया जाए। लेकिन वह आज भी आधा अधूरा पड़ा हुआ है। वहीं दूसरी ओर कार्य प्रारंभ किया गया लेकिन वह कार्य भी धीरे-धीरे हो रहा है जिससे फ्लाईओवर ब्रिज की गति को देखकर लग रहा है कि 1 साल और अनूपपुर के नागरिकों को इंतजार करना पड़ेगा। बीके 61, अनूपपुर की सबसे बड़ी समस्या को निजात दिलाने के लिए रेलवे और मध्यप्रदेश शासन संयुक्त रूप से रोड ओवर ब्रिज का निर्माण 7-8 वर्ष पूर्व प्रारंभ किया था। जो अत्यंत धीमी गति से अपने मुकाम की ओर बढ़ रहा है। रेलवे के ठेकेदार द्वारा अब अपने काम को अंतिम रूप दिया जा रहा है और बड़ी-बड़ी क्रेन जो लगी थी काम समाप्त कर वापस जा चुकी है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने नगर में निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज के कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ब्रिज के सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं का भ्रमण करते हुए रिटेनिंग वॉल फर्श में मिट्टी भराव (फिलिंग) का कार्य 15 दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। लेकिन संबंधित ठेकेदार ने उसे गंभीरता से नहीं लिया। जबकि कलेक्टर श्री पंचोली ने ब्रिज के दोनों ओर अलग-अलग टीमों के माध्यम से शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए थे। साथ ही निर्माण स्थल पर पड़ी अनावश्यक सामग्री को हटाकर व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए। लेकिन आज तक वह कार्य नहीं हो पाए। कलेक्टर ने सेतु एवं रेलवे विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय एवं सहयोग से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री पंचोली ने अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण किया जाए। जिससे आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिल सके। उन्होंने कार्य में गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने पर विशेष जोर दिया।

# खुले आम बिक रहे मांस से आमजन हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूजअनूपपुर। अनूपपुर जिला स्तरीय शांति समिति की प्रत्येक बैठक मे मस्जिद मोहल्ले के लोगो द्वारा तथा अन्य सदस्यों द्वारा खुले मे मांस विक्रय पर प्रतिबंध लगाने और इन्हे नगर से बाहर स्थानांतरित करने की मांग होती रही है। कलेक्टर हर्षल पंचोली और उनके पूर्ववर्ती कलेक्टरों ने खुले मे मांस विक्रय रोकने, इन्हे बाजार क्षेत्र से बाहर स्थान आबंटित करने के निर्देश दिये थे। यहां तक की मांस विक्रय के लिए नगर पालिका द्वारा दुकान भी बनवा दी गई थी। आदेश के पालनार्थ एसडीएम, सीएमओ, पुलिस ने समय-समय पर मांस विक्रेताओ को समझाईश दी और जुर्माने की सांकेतिक कार्यवाही भी की गयी। जुर्माना की राशि सांकेतिक होने से मांस विक्रेताओं को कोई असर नहीं पडा और वो नियम-कायदे, निर्देशों की लगातार अवहेलना कर रहे हैं। सब्जी मंडी से सटे मस्जिद मोहल्ले के प्रवेश द्वार पर खुले मे मांस विक्रय स्वच्छता, स्वास्थ्य और व्यवस्था के लिये बडी चुनौती है। स्थानीय प्रशासन की कार्यवाही दृढ इच्छा शक्ति के आभाव मे हर बार शुरु होते ही दम तोड देती है। होली, दीपावली जैसे त्यौहार पर मिष्ठान्न और भोजन के होटलों मे खाद्य विभाग की कार्यवाही मे अचानक तेजी आ जाती है। लेकिन आज तक एक भी जांच कार्यवाही इन मांस विक्रेताओं के विरुद्ध प्रकाश मे नहीं आई। किसी भी खाद्य पदार्थ (विशेषकर मांस) को बेचने के लिए अनिवार्य है कि शहर के बीचों-बीच मांस बेचने के लिए स्थानीय निकाय से स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रमाण पत्र चाहिए होता है। धार्मिक स्थलों, स्कूलों और सार्वजनिक रास्तों से मांस की दुकानों की एक निश्चित दूरी अनिवार्य है। देखा जा सकता है कि मंदिर जाने वाली महिलाएं, पुरुष इसी मार्ग से निकलते हैं। लेकिन खुलेआम बिक रहे मांस से सभी परेशान हैं। जिला प्रशासन को इस ओर अपनी नजरे इनायत करना चाहिए एवं हमेशा-हमेशा के लिए मांस के खुलेआम विक्रय पर रोक लगानी चाहिए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत केल्हौरी, जनपद पंचायत जैतहरी, जिला- अनूपपुर (म.प्र.)**

क्रमांक - केलहौरी/Q/26 दिनांक 05/03/2026

**पीएलसी बनाने हेतु सामग्री (निविदा सूचना)**

वृंदावन ग्राम पंचायत में पीएलसी बनाये जाने हेतु विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम पंचायत केल्हौरी जन.पंचा. जैतहरी जिला अनूपपुर (म.प्र.) वृंदावन ग्राम घोषित है जिसमें निम्न लिखित सामग्री खरीदी जानी है जो निम्नलिखित है :-

(1) पंचायत लर्निंग सेटर की पत्रिका (2) कम्प्यूटर एवं प्रिंटर स्केनर फोटो कॉपी (आल इन वन) (3) इन्टरनेंट/ब्रांडबैण्ड (4) पोटेबल माइक / सांउड सिस्टम (5) प्रोजेटर एवं स्क्रीन (6) इन्वर्टर 2 बैटरी (7) वीडियों कान्फेसिंग सेटअप (8) एल.ई.डी., स्मार्ट टी.व्ही. सेटअप (9) सी.सी.टी.व्ही. सेटअप (10) डायस (11) कुर्सी टेबल (12) अलमीरा (13) बुक सेल्फ (14) दरी (15) सीलिंग फैन (16) व्हाईट बोर्ड (17) नोटिस बोर्ड (18) पंचायत सदस्यो कि नामावली बोर्ड (19) स्टेशनरी (20) अन्य सामग्री पी.एल.सी. व्यावस्था हेतु।

अत: उपरोक्त सामग्री कि आवश्यकता है जो दिनांक 25/03/2026 तक 3 बजे तक कार्यालय केल्हौरी में बन्द लिफाफा स्वीकार्य किया जाना है एवं 27/03/2026 को निविदा आवेदनों को खोलने का कार्यालीन समय में दिया जाना है कृपया सभी निविदा उपस्थित हो।

रामपाल सिंह लहरू
सरपंच

संजय सिंह परिहार
सचिव

# रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट पर किसानों का 'हल्ला बोल'

**16 मार्च से काम बंद कराने की चेतावनी, कलेक्ट्रेट से लेकर एसपी ऑफिस तक सौंपे ज्ञापन**







शहडोल जिले में स्थित एसईसीएल के रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट को लेकर प्रभावित किसानों का आक्रोश फूट पड़ा है। सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट, एसपी कार्यालय और प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 16 मार्च से मेगा प्रोजेक्ट का काम बंद करा दिया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

शहडोल जिले के बहुचर्चित रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट को लेकर प्रभावित किसानों और ग्रामीणों का गुस्सा अब खुलकर सामने आ गया है। लंबे समय से मुआवजा, पुनर्वास और रोजगार जैसे मुद्दों पर समाधान नहीं मिलने से नाराज किसानों ने प्रशासन के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शहडोल पहुंचकर कलेक्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, एसडीएम और तहसीलदार सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि एसईसीएल रामपुर बटुरा परियोजना प्रबंधन उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहा है और प्रभावित किसानों की मांगों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा के नेतृत्व में हुए इस आंदोलन में आसपास के कई गांवों के किसान शामिल हुए। किसानों ने साफ कहा है कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द नहीं किया गया, तो 16 मार्च से परियोजना का काम पूरी तरह बंद करा दिया जाएगा और आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### किसान एकजुट, प्रशासन को सौंपे ज्ञापन

रामपुर बटुरा परियोजना से प्रभावित किसानों ने एकजुट होकर प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट, एसपी कार्यालय, एसडीएम और तहसील कार्यालय में अलग-अलग ज्ञापन देकर अपनी मांगों से अवगत कराया। किसानों का कहना है कि लंबे समय से उनकी समस्याएं लंबित हैं, लेकिन प्रबंधन और प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई। यही कारण है कि अब ग्रामीणों ने आंदोलन का रास्ता अपनाने का फैसला किया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि एसईसीएल के रामपुर बटुरा प्रोजेक्ट का प्रबंधन प्रभावित किसानों के मुद्दों को गंभीरता से नहीं ले रहा है। मुआवजा, पुनर्वास और रोजगार जैसी मूलभूत मांगों को लेकर कई बार आवेदन और ज्ञापन दिए गए, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। किसानों का कहना है कि प्रबंधन की इसी लापरवाही के कारण क्षेत्र में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

### 16 मार्च से प्रोजेक्ट बंद करने की चेतावनी

आंदोलनकारी किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 16 मार्च तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट का काम बंद करा दिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि यह आंदोलन सिर्फ चेतावनी नहीं बल्कि अधिकारों की लड़ाई है। किसानों ने यह भी कहा कि जरूरत पड़ी तो आंदोलन को और बड़ा रूप दिया जाएगा। इस पूरे आंदोलन का नेतृत्व सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनका कहना है कि जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि किसानों की मांगों पर तत्काल कार्रवाई की जाए, ताकि स्थिति बिगड़ने से पहले समाधान निकल सके।

### आंदोलन से प्रशासन और प्रबंधन में हलचल

किसानों के इस बड़े विरोध प्रदर्शन से प्रशासन और परियोजना प्रबंधन में हलचल मच गई है। अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि उनकी समस्याओं पर विचार किया जाएगा और समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। हालांकि किसानों का कहना है कि अब उन्हें सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि जमीन पर कार्रवाई चाहिए। आने वाले दिनों में यह आंदोलन किस दिशा में जाएगा, इस पर पूरे क्षेत्र की नजर टिकी हुई है।

**कार्यालय नगर परिषद् बरगवां (अमलाई) जिला अनूपपुर ( म.प्र.)**

कमांक : 328/ई-टेण्डरिंग / 2025-26 **आनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना** बरगंवा दिनांक- 02/03/26

निम्नलिखित कार्यो की आनलाइन निविदा https://mptenders.gov.in माध्यम से आमंत्रित की गई है। कार्यो का विस्तृत विवरण वेवसाइट पर देखा जा सकता है।

| Tender No. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2026_UAD_471309_2 | Construction of Composting and MRF plant | 96,26,381.00 | 73,000.00 | 10,000.00 | 6 माह |

1. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि दिनांक 02.03.2026 को प्रात: 11.00 बजे से दिनांक 09.03.2026 को सांय 05.00 बजे तक निर्धारित है। 2. ऑनलाईन दर प्रस्तुत करने की तिथि दिनांक 02.03.2026 को प्रात: 11.00 बजे से दिनांक 09.03. 2026 को सांय 05 :00 बजे तक निर्धारित है। 3. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे केवल वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नही। 4. अन्य विवरण उपरोक्त पोर्टल पर देखे जा सकते है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद् बरगवां (अमलाई) जिला-अनूपपुर म.प्र.

**कार्यालय नगर परिषद् बरगवां (अमलाई) जिला अनूपपुर ( म.प्र.)**

कमांक : 336/ई-टेण्डरिंग / 2025-26 **आनलाईन द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना** बरगंवा दिनांक- 06/03/26

निम्नलिखित कार्यो की आनलाइन निविदा https://mptenders.gov.in माध्यम से आमंत्रित की गई है। कार्यो का विस्तृत विवरण वेवसाइट पर देखा जा सकता है।

| Tender No. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2026_UAD_487678_1 | Electrification work with 245 poles and light From Dwivedi dairy Amlai to patna kala railway crossing devhara at Nagar Parisad Bargawan (Amlai ) | 1,30,41,404.00 | 65207.00 | 12500.00 | 3 माह |

1. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि दिनांक 06.03.2026 को प्रात: 11.00 बजे से दिनांक 23.03.2026 को सांय 05.00 बजे तक निर्धारित है। 2. ऑनलाईन दर प्रस्तुत करने की तिथि दिनांक 06.03.2026 को प्रात: 11.00 बजे से दिनांक 23.03. 2026 को सांय 05 :00 बजे तक निर्धारित है। 3. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे केवल वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रों में नही। 4. अन्य विवरण उपरोक्त पोर्टल पर देखे जा सकते है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर
परिषद् बरगवां (अमलाई) जिला-अनूपपुर म.प्र.

!! राधे-राधे !! !! श्री गणेशाय नमः !! !! राधे-राधे !!

**श्री गुजरात ग्रेनाईट एंड टाईल्स**

ग्रेनाईट एवं टाईल्स के थोक एवं फुटकर विक्रेता

हमारे यहां सभी प्रकार के टाईल्स, ग्रेनाईट- सांड्य Z ब्लैक, सुपर ब्लैक, आर ब्लैक इत्यादि एवं सेनेट्री, कड़प्पा उचित दामों पर उपलब्ध है।

कोटा स्टोन उपलब्ध है।

प्रो. देवेन्द्र सिंह जी 7742294629, 7440984719, 7737330239